# कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

नूतनकालोनी,सीपत रोड, सरकण्डा बिलासपुर 495001
दूरभाष कमांक 07752–254939 ई–मेल cgayush.bilaspur@gmail.com

कमांक/स्था./2023/ 908 बिलासपुर दिनांक 25.5.2023

## विज्ञापन

संचालक आयुर्वेद योग एंव प्राकृतिक चिकित्सा यूनानी सिद्ध एंव होम्योपैथी (आयुष) इन्द्रावती भवन, तृतीय तल ब्लाक–1 अटल नगर नवा रायपुर छत्तीसगढ़ के पत्र कमांक 23–2/1/स्था/अराज/2023/1675 नवा रायपुर दिनांक 12.05.2023 के निर्देशानुसार जिले के चतुर्थ श्रेणी (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, भृत्य, चौकीदार) के रिक्त पदो पर सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति हेतु दिनांक 28/06/2023 तक छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्तियों का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

| क. | पद का नाम | अनारक्षित | | | अ.जा. | | | अ.ज.जा. | | | अ.पि.व | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | विक. | महिला | मुक्त | विक. | महिला | मुक्त | विक. | महिला | मुक्त | विक. | महिला | |
| 1 | महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (दाई) | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | भृत्य | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | चौकीदार (केवल पुरूष हेतु ) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | औषधालय सेवक | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |

टीपः– 1. उपरोक्त भर्ती माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) कमांक 19668/2022 के आदेशो के अध्यधीन होगी।
2. पदों की संख्या परिवर्तनीय होगी जिसे कम/ज्यादा किया जा सकता है और निरस्त भी किया जा सकता।

**वेतनमान :–**

1. पद कमांक 01 हेतु वेतनमान वेतन मेट्रिक्स लेवल 3 (18000–56900) एंव शासन द्वारा समय समय पर देय मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते आदि।
2. पद कमांक 02, 03 एवं 04 हेतु वेतनमान वेतन मेट्रिक्स लेवल 1 (15600–49400) एंव शासन द्वारा समय समय पर देय मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते आदि।

**शैक्षणिक योग्यता एंव अन्य अर्हताएं :–**

1. पद कमांक 01 हेतु हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी एंव शासन अथवा शासन से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण केन्द्र से महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता का न्यूनतम एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त।

2. पद कमांक 02, 03 एवं 04 हेतु शासन अथवा शासन से मान्यता प्राप्त संस्था से आठवी कक्षा उत्तीर्ण।

**नियम एवं शर्ते :–**

1. उम्मीदवार की आयु दिनांक 01.01.2023 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिये। राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला/विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा तथा विकलांग आदि को अधिकतम आयु सीमा मे छ.ग. शासन के नियमानुसार छूट प्रदान की जावेगी। किन्तु इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र सलंग्न करना अनिवार्य होगा। किन्तु सभी छूटो को मिलाकर उनके लिये अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नही होगी।
2. वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंकसूची की अभिप्रमाणित छायाप्रति सहित उम्मीदवार का आवेदन 28.06.23 को सायं 5:00 बजे तक पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट से कार्यालय, जिला आयुर्वेद अधिकारी नूतन कालोनी बिलासपुर मे अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिये। आवेदन पत्र सीधे स्वीकार नही किये जायेंगे। तथा डाक अथवा किसी अन्य कारणवश विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नही किया जावेगा।
3. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किये गये छ.ग. मूल निवासी एंव स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति सलंग्न करना अनिवार्य है।
4. अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/अन्य पिछडा वर्ग से सम्बंधित अभ्यर्थियों को चयन की दशा मे छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के परिपत्र कमांक एफ 13–4/2006/आ.प्र./1–3, नया रायपुर दिनांक 29.06.2013 के अनुसार शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. विज्ञापन जारी होने के पूर्व का रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति सलंग्न करना अनिवार्य है।
6. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगें तथा ऐसे आवेदन के सम्बंध मे कोई सूचना नही दी जावेगी।
7. जन्मतिथि दर्शाने वाली शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति सलंग्न करना अनिवार्य है। यदि हो तो जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करें।
8. छ.ग. सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्ते) नियम 1961 के नियम 05 एवं 06 की पात्रता/अर्हताएं रहेगी।
9. लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम तथा आवेदित वर्ग एवं पता स्पष्ट रूप से अवश्य लिखा जावें
10. उम्मीदवार का चयन छ.ग. शासन द्वारा जारी निर्देशों / मार्गदर्शी सिंद्धातो तथा मापदण्डो के आधार पर जिला चयन समिति द्वारा मेरिट के आधार पर किया जावेगा।
11. शासकीय/अर्धशासकीय अथवा किसी निजी संस्थाओं मे कार्यरत कर्मचारियो को अपना आवेदन नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

Dr C.S. [signature]

12. आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अन्य विवरण कार्यालयीन समय मे जिला आयुर्वेद अधिकारी कार्यालय नूतन कालोनी सरकण्डा बिलासपुर के सूचना पटल पर देखे जा सकते है एवं बिलासपुर जिले के वेबसाईट **https://bilaspur.gov.in/** पर भी उपलब्ध रहेगा।
13. उम्मीदवार अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप मे भेजे अन्यथा आवेदन अमान्य कर दिया जावेगा।
14. विवाहित महिला उम्मीदवारो के नाम/उपनाम परिवर्तन सम्बंधी दस्तावेज/शपथपत्र की छायाप्रति सलंग्न करना अनिवार्य है।
15. उम्मीदवारों का नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटोग्रफ आवेदन पत्र मे निर्धारित स्थान पर चिपकाया जावे जो कि स्व–अभिप्रमाणित हों।
16. आवेदन के साथ सलंग्न समस्त छायाप्रतिंया स्व–अभिप्रमाणित होना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा।
17. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिये नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो वह नियुक्ति के लिये पात्र नही होगा।
18. नियुक्ति तीन वर्ष की कालावधि के लिये परीवीक्षाधीन होगी। 03 वर्षो की परीवीक्षा अवधि मे वेतनमान के न्यूनतम का प्रथम वर्ष मे 70 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष मे 80 प्रतिशत तथा तृतीय वर्ष मे 90 प्रतिशत स्टायपेण्ड के साथ अन्य भत्तें कार्यरत अन्य कर्मियों की तरह भुगतान किया जावेगा। परीवीक्षा अवधि की समाप्ति पर जब वह सेवा या पद पर स्थाई किया जाता है तब कर्मी का वेतन उस सेवा या पद को लागू समयमान वेतन का न्यूनतम नियत किया जावेगा।
19. चयन पूर्णतः मेरिट के आधार पर होगा। महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के एक वर्षीय प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के अंको के मेरिट के आधार होगा।
20. चयन समिति का निर्णय अन्तिम होगा।
21. प्रतीक्षा सूची 1 वर्ष हेतु मान्य होगा।
22. यदि अभ्यर्थी फर्जी या गलत जानकारी/दस्तावेजों को प्रस्तुत करता या किसी भी जानकारी को छुपाता है, तो अयोग्य घोषित किया जावेगा और यदि नियुक्ति किया गया है तो बिना किसी पूर्व सूचना सेवा से बर्खास्त करने के लिये वह स्वयं उत्तरदायी होगा। गलत प्रमाण पत्र या जानकारी देने पर कानूनी कार्यवाही भी की जावेगी।
23. अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के समय सभी मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।
24. विकलांगता की श्रेणी मे ज्ञानेन्द्रियों की तथा किसी भी हाथ की विकलांगता सन्निहित नही होगी। विकलांग उम्मीदवारों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी नवीनतम विकलांगता प्रमाण पत्र सलंग्न करना अनिवार्य होगा।

जिला आयुर्वेद अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

विज्ञप्ति कमांक ......................

बिलासपुर, दिनांक ..............................

पासपोर्ट साईज का फोटो चस्पा करें। **(स्वप्रमाणित)**

प्रति,

जिला आयुर्वेद अधिकारी
नूतन कालोनी सरकण्डा
बिलासपुर (छ.ग.) 495001

1. आवेदित पद का नाम ..............................

2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी मे) ..............................

   (अंग्रेजी के ब्लाक लेटर्स मे ) ..............................

3. पिता/पति का नाम ..............................

4. (अ) पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (हिन्दी म) ..............................
   ..............................
   ..............................
   ..............................दूरभाष कमांक ..............................

   (ब) स्थायी पता ..............................
   ..............................
   ..............................
   ..............................

5. जन्म तिथि अंको मे .............................. शब्दों मे ..............................
   आठवीं/हाईस्कूल/हायरसेकेण्डरी प्रमाण पत्र अनुसार
   आयु दिनांक 01.01.2023 को वर्ष ...........माह ........................ दिन ..............................
6. क्या आवेदक छत्तीगढ़ का मूल निवासी है? हां/नही

7. सवर्ग (√) करें अनारक्षित .............................. अ.ज.जा. ...................... अ.जा. ...................... अपिव ..................

8. लिंग (√) करें पुरूष ............... महिला ................

9. क्या आप दिव्यांग है? हां/नही
   दिव्यांगता की श्रेणी .............................. दिव्यांगता का प्रकार ..............................
10. क्या आप भूतपूर्व सैनिक है ? हां/नही
    यदि हां हो सक्षम प्रमाण पत्र सलंग्न करें
11. रोजगार पंजीयन कमांक .............................. .............................. दिनांक ..............................

12. क्या आवेदक छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित उच्चतम आयु सीमा मे छूट चाहता है ? हां/नही ......................
    यदि हां तो किस आधार पर ....................
    (उक्त हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति सलंग्न करें)
13. क्या आप विवाहित हैं हां/नही ...................... ..............................

14. यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि :– ..............................

15. शैक्षणिक योग्यताएँ एंव अन्य अर्हताएं :–

| क्र. | शैक्षणिक योग्यता | बोर्ड/वि.वि./संस्था का नाम/अन्य | पूर्णांक | प्राप्तांक | श्रेणी | उत्तीर्ण होने का वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

16. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

1. ..............................................................
2. ..............................................................
3. ..............................................................
4. ..............................................................
5. ..............................................................
6. ..............................................................
7. ..............................................................
8. ..............................................................

आवेदक के हस्ताक्षर
एवं पूरा स्थायी पता

**–: घोषणा पत्र :–**

मैं एतद द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र मे दिये गये सभी विवरण मेरे सर्वोत्तम विश्वास एवं जानकारी के अनुसार सत्य, पूर्ण एंव सही है एंव आवेदित पद के लिये मै निर्धारित योग्यता रखता/रखती हूँ, मुझे जानकारी है कि इसमे दी गई कोई भी जानकारी या सूचना गलत, असत्य या अपूर्ण पायी जाने पर उक्त पद के लिये मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त की जा सकती है, इस सम्बंध मे मुझे कोई नोटिस दिये बिना मेरी सेवाएं समाप्त की जा सकती है तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

दिनांक .......................
स्थान .......................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम ........................................